# University in News on 10 January 2022

University of Lucknow | Centenary Year
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी वर्ष
100 Years 1920-2020

## JAGRAN CITY PAGE 3

### लवि में बनेगी मशरूम की उत्पादन यूनिट

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय (लवि)जल्द ही ग्रामीण और शहरी क्षेत्र की महिलाओं को मशरूम उत्पाद का प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाएगा। उन्हें मशरूम के उत्पादों को बनाने की तकनीक बताई जाएगी, जिससे प्रशिक्षण के बाद वे खुद ही इसका उत्पादन कर आत्मनिर्भर बन सकें।

इसके लिए विश्वविद्यालय में जल्द ही मशरूम की उत्पादन यूनिट स्थापित की जाएगी। केंद्र सरकार की राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत हाल ही में विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग के प्रोफेसर अमृतेश चंद्र शुक्ला को 55 लाख रुपये का प्रोजेक्ट मिला है।

मशरूम की दो हजार से अधिक किस्में होती हैं। खाने लायक सफेद बटन मशरूम, आयस्टरदूधिया मशरूम और पैडिस्ट्रा मशरूम सहित कुछ ही हैं। इनमें प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, वसा और विटामिन पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है। वैश्विक बाजारों में इसकी मांग अधिक है, लेकिन भारत में इसकी पैदावार सिर्फ 0.18 मीट्रिक टन है। इसके उत्पादन को बढ़ाने की दिशा में वनस्पति विज्ञान विभाग के प्रो. अमृतेश चंद्र शुक्ला काफी शोध कर रहे हैं।

## NBT PAGE 7

### एलयू : विद्यार्थियों की स्किल बढ़ाने के लिए एमओयू



■ एनबीटी, लखनऊः लखनऊ यूनिवर्सिटी ने आईवीएम स्किल्स और सीएसआर वॉक्स भारत से एमओयू किया है। इस दौरान एलयू कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने एमवीए के दो टॉपर स्टूडेंट्स को गोल्ड मेडल भी दिया। सीएसआर वॉक्स फाउंडेशन के प्रॉजेक्ट मैनेजर मनोविराज सिंह के अनुसार आईवीएम स्किल्स वोर्ड के तहत विद्यार्थियों की स्किल डिवेलप करवाई जाएगी। डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म का फायदा होने के साथ ही नये रोजगार आयामों की जानकारी मिलेगी। इस मौके पर कुलपति ने कहा कि एमओयू से एलयू के साथ सहयुक्त महाविद्यालयों के विद्यार्थी भी लाभांवित होंगे। प्रोफेसर संजय मेधावी ने केन्द्रीय प्लेसमेन्ट सेल की उपलब्धियों के वारे में वताया। इस मौके पर डीन एकेडमिक प्रो. राकेश चन्द्रा, डॉ. मुकेश श्रीवास्तव, डॉ. रिचा वनर्जी मौजूद रहे।

## i-NEXT PAGE 2

### पूर्व निर्धारित टाइम पर आज से ऑनलाइन क्लास

**लखनऊ यूनिवर्सिटी के सभी डिपार्टमेंट ने ऑनलाइन क्लास के लिए तैयारियां पूरी**



lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (9 Jan): लखनऊ यूनिवर्सिटी व डिग्री कॉलेजों में यूजी और पीजी की क्लासेस सोमवार से ऑनलाइन अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होंगी. सभी डिपार्टमेंट के एचओडी ने स्टूडेंट्स को वाट्सएप पर इसकी जानकारी भेज दी है. अभी तक जिन स्टूडेंट्स के वाट्सएप ग्रुप नहीं बने हैं उनके मोबाइल नंबर और ईमेल आदि का ब्यौरा मांगा गया है. गौरतलब है कि प्रदेश में कोरोना के मामले तेजी से बढ़ता देख उच्च शिक्षा विभाग ने सभी यूनिवर्सिटी और डिग्री कॉलेज 16 जनवरी तक बंद कर दिए हैं. वहीं ऑनलाइन क्लास चलाए जाने का आदेश दिया है.

#### स्टूडेंट्स को दी जानकारी

फिजिक्स डिपार्टमेंट के हेड प्रो. एनके पांडेय ने बताया कि डिपार्टमेंट में सभी सब्जेक्ट की क्लासेस सुबह 7:30 बजे शुरू होंगी. क्लासेस पूर्व निर्धारित शेड्यूल के अनुसार ही होंगी. इसकी सूचना स्टूडेंट्स को वाट्सएप पर दी गई है. सोशल वर्क डिपार्टमेंट में सुबह 8:25 मिनट से यूजी और 10 बजे से पीजी की क्लासेस शुरू होंगी. डिपार्टमेंट के एचओडी प्रो. एके भारतीय ने बताया कि स्टूडेंट्स को वाट्सएप ग्रुपों के माध्यम से सूचना भेज दी गई है. वहीं बायो केमिस्ट्री डिपार्टमेंट में ऑनलाइन पढ़ाई के लिए स्टूडेंट्स से ईमेल, मोबाइल नंबर आदि की जानकारी मांगी गई है. एचओडी प्रो. सुधीर कुमार ने बताया कि फर्स्ट सेमेस्टर के स्टूडेंट्स का वाट्सएप ग्रुप अभी नहीं बना पाया है.

#### डिग्री कॉलेजों में भी तैयारी पूरी

ऑनलाइन क्लासेस के लिए कॉलेजों ने भी तैयारियां पूरी कर ली हैं. कालीचरण पीजी कॉलेज में पांच स्मार्ट रूम बने हैं. प्रिंसिपल प्रो. चंद्र मोहन उपाध्याय ने बताया कि शिक्षकों को बता दिया गया है कि वे स्मार्ट रूम में आकर ऑनलाइन क्लास लें. वही श्री जय नारायण मिश्र पीजी कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. मीता साह ने सभी एचओडी के साथ ऑनलाइन मीटिंग कर ऑनलाइन क्लास के लिए कहा है. सभी को हर सप्ताह ऑनलाइन क्लास का रिकार्ड भी देना होगा.

### पीएचडी कर रही छात्राओं को मिलेगी स्कॉलरशिप

**GOOD NEWS**

**एलयू ने रिसर्च मेधा स्कॉलरशिप के नाम से शुरू की स्कॉलरशिप**

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (9 Jan): एलयू प्रशासन ने पीएचडी कर रही छात्राओं के लिए स्कॉलरशिप योजना शुरू की है. इस स्कॉलरशिप के माध्यम से महिलाओं को रिसर्च के प्रति प्रोत्साहित किया जाएगा. रिसर्च मेधा स्कॉलरशिप के नाम से शुरू की गई इस स्कॉलरशिप के लिए 12 जनवरी को इंटरव्यू होगा और उसी दिन शाम को चयनित छात्राओं की सूची जारी कर दी जाएगी.

#### पहली बार छात्राओं के लिए शुरू हुई स्कॉलरशिप

डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि इसके लिए आवेदन लिए जा चुके हैं. चुनी गई छात्राओं को तीन वर्ष तक प्रति माह पांच हजार रुपए दिए जाएंगे. यूनिवर्सिटी के वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने पहली बार पीएचडी छात्राओं के लिए रिसर्च मेधा स्कॉलरशिप की शुरुआत की है. प्रो. टंडन ने बताया कि रिसर्च मेधा स्कॉलरशिप के लिए वही छात्राएं पात्र होंगी, जिनको कोई दूसरी स्कॉलरशिप न मिल रही है या उन्होंने कोर्स वर्क पूरा कर लिया है.

#### आए 144 आवेदन

इस स्कॉलरशिप के लिए 144 पीएचडी छात्राओं ने आवेदन किया है. इसमें से 40 छात्राओं का कोर्स वर्क पूरा नहीं है. वही 90 छात्राओं ने कोई भी स्कॉलरशिप नही मिलने का प्रमाण पत्र दिया है, इसलिए अर्हता पूरी करने वाली छात्राओं को ही साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा. साक्षात्कार के लिए बनाई गई कमेटी में डीन एकेडमिक, डीन स्टूडेंट वेलफेयर, वीसी की ओर से नामित सदस्य और चीफ प्राक्टर आदि शामिल हैं. प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि सुबह 11 बजे डीन स्टूडेंट्स ऑफिस कार्यालय में साक्षात्कार होगा. साक्षात्कार के लिए ग्रेजुएट एप्टीट्यूट टेस्ट इन इंजीनियरिंग या नेट का प्रमाण पत्र, अंक पत्र, अंतिम फीस की रसीद और पीएचडी कोर्स वर्क पूरा होने का प्रमण पत्र लाना होगा.

### लवि में मशरूम की उत्पादन यूनिट बनेगी

LUCKNOW(8 Jan): एलयू जल्द ही ग्रामीण और शहरी क्षेत्र की महिलाओं को मशरूम उत्पाद का प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाएगा. उन्हें मशरूम के उत्पादों को बनाने की तकनीक बताई जाएगी, जिससे प्रशिक्षण के बाद वे खुद ही इसका उत्पादन कर आत्मनिर्भर बन सकें. इसके लिए विवि में जल्द ही मशरूम की उत्पादन यूनिट स्थापित की जाएगी. केंद्र सरकार की राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत हाल ही में विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग के प्रोफेसर अमृतेश चंद्र शुक्ला को 55 लाख का प्रोजेक्ट मिला है. मशरूम की दो हजार से अधिक किस्में होती हैं, लेकिन खाने लायक सफेद बटन मशरूम, आयस्टर मशरूम, दूधिया मशरूम और पैडिस्ट्रा मशरूम सहित कुछ ही हैं. इनमें प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, वसा और विटामिन पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है.

### ऑफलाइन एग्जाम की नए सिरे से एलयू कर रहा समीक्षा

LUCKNOW (9 Jan inext): लखनऊ में लगातार बढ़े रहे कोरोना संक्रमण को देखते हुए लखनऊ यूनिवर्सिटी प्रशासन ने सभी सेंटर्स कोविड प्रोटाकॉल को और सख्त करने के निर्देश दिए हैं. इसके लिए एलयू ने एग्जाम देने आ रहे स्टूडेंट्स से उनके हेल्थ के बारे में जानकारी लेने के साथ ही उनके परिवार या फिर किसी संक्रमित के सम्पर्क में आए है कि उसकी जानकारी सेंटर्स पर देने होगा. ज्ञात हो कि एलयू की ओर से आयोजित हो रहे ऑफलाइन एग्जाम को लेकर विभिन्न छात्र संगठनों की ओर से ऑफलाइन एग्जाम बंद कराकर ऑनलाइन एग्जाम कराने की मांग कर रहे हैं.

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

### कॉफी विद वीसी की शुरुआत आज

लखनऊ। लविवि प्रशासन विद्यार्थियों की समस्या जानने व विश्वविद्यालय की बेहतरी के लिए उनके सुझाव लेने के लिए सोमवार से 'कॉफी विद वीसी' की शुरुआत करने जा रहा है। इसके तहत कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय अंग्रेजी विभाग के विद्यार्थियों से शाम 4 बजे प्रशासनिक भवन स्थित मंथन हॉल में संवाद करेंगे। (माई सिटी रिपोर्टर)

### शोध मेधा छात्रवृत्ति का इंटरव्यू 12 को

लखनऊ। लविवि प्रशासन शोध के क्षेत्र में छात्राओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शोध मेधा छात्रवृत्ति देगा। इसके तहत 144 छात्राओं ने आवेदन किया है। अब 12 जनवरी को इंटरव्यू होगा। इसी दिन शाम को चयनित छात्राओं की सूची भी जारी कर दी जाएगी। चयनित छात्राओं को तीन साल तक पांच हजार रुपये महीना छात्रवृत्ति दी जाएगी। डीएसडब्ल्यू प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि वही छात्राएं पात्र होंगी, जिन्हें कोई दूसरी छात्रवृत्ति न मिल रही हो और पीएचडी कोर्स पूरा हो गया हो। (माई सिटी रिपोर्टर)

### आज जमा करें छात्रवृत्ति फार्म

लखनऊ। लविवि में शासन के निर्देश पर सोमवार से ऑनलाइन कक्षाएं शुरू होंगी। हालांकि, विवि प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि विवि के छूटे हुए छात्र, जो छात्रवृत्ति फॉर्म नहीं जमा कर पाए है, वे 10 जनवरी तक अपने फॉर्म जमा कर दें। कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने बताया कि विद्यार्थी मुख्य (पुराने) परिसर स्थित कैशियर कार्यालय में फार्म जमा करें। (माई सिटी रिपोर्टर)

## PIONEER PAGE 3

### एलयू ने पीएचडी छात्राओं को लेकर शुरू की शोध मेधा स्कालरशिप

**● छात्रवृत्ति के लिए 144 पीएचडी छात्राओं ने किए आवेदन**

लखनऊ। पीएचडी कर रही छात्राओं की आर्थिक मदद करने के उद्देश्य से लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने शोध मेधा नाम से स्कालरशिप शुरू की है। यह स्कालरशिप केवल उन्हीं छात्राओं को दी जाएगी, जिन्हें किसी भी प्रकार की स्कालरशिप नही मिलती है।

शोध मेधा छात्रवृत्ति के नाम से शुरू की गई इस छात्रवृत्ति के लिए 12 जनवरी को इंटरव्यू होगा। उसी दिन शाम तक छात्रवृत्ति के लिए योग्य छात्राओं की सूची जारी कर दी जाएगी। छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो पूनम टंडन ने बताया कि इसके लिए आवेदन लिए जा चुके हैं। चुनी गई छात्राओं को तीन वर्ष तक प्रति माह पांच हजार रुपये दिए जाएंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने पहली बार पीएचडी छात्राओं के लिए शोध मेधा छात्रवृत्ति की शुरुआत की है। प्रो टंडन ने बताया कि शोध मेधा छात्रवृत्ति के लिए वही छात्राएं पात्र होंगी, जिनको कोई दूसरी छात्रवृत्ति न मिल रही हो और अपना कोर्स वर्क पूरा कर लिया है।

फिलहाल इस छात्रवृत्ति के लिए 144 पीएचडी छात्राओं ने आवेदन किया है। इसमें से 40 छात्राओं का कोर्स वर्क पूरा नहीं है। वहीं 90 छात्राओं ने कोई भी छात्रवृत्ति नहीं मिलने का प्रमाण पत्र दिया है, इसलिए अर्हता पूरी करने वाली छात्राओं को ही साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। साक्षात्कार के लिए बनाई गई कमेटी में डीन एकेडमिक, डीन स्टूडेंट वेलफेयर, कुलपति की ओर से नामित सदस्य और चीफप्राक्टर आदि शामिल हैं। प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि सुबह 11 बजे अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय में साक्षात्कार होगा। साक्षात्कार के लिए ग्रेजुएट एप्टीट्यूट टेस्ट इन इंजीनियरिंग या नेट का प्रमाण पत्र, अंक पत्र,अंतिम फीस की रसीद और पीएचडी कोर्स वर्क पूरा होने का प्रमण पत्र लाना होगा।

### लवि : शोध मेधा छात्रवृत्ति के लिए साक्षात्कार 12 को

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय शोध में प्रोत्साहन देने के लिए पीएचडी छात्राओं को छात्रवृत्ति का उपहार देगा। इसके लिए आवेदन लिए जा चुके हैं। 12 जनवरी को साक्षात्कार होगा। उसी दिन शाम को चयनित छात्राओं की सूची जारी कर दी जाएगी। इन्हें प्रति माह पांच हजार रुपये तीन वर्ष के लिए दिए जाएंगे। लवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने पहली बार पीएचडी छात्राओं के लिए शोध मेधा छात्रवृत्ति की शुरुआत की है। डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रोफेसर पूनम टंडन ने बताया कि 144 पीएचडी छात्राओं ने आवेदन किया। 91 छात्राओं ने कोई छात्रवृत्ति न मिलने का प्रमाण पत्र दिया है। साक्षात्कार के लिए अर्हता पूरी करने वाली छात्राओं को सूची वेबसाइट पर जारी कर दी गई है।

**ये प्रमाण पत्र लाना जरूरी :** प्रो .पूनम टंडन ने बताया कि 12 जनवरी को सुबह 11 बजे अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय में कमेटी साक्षात्कार लेगी। छात्राओं को ग्रेजुएट एप्टीट्यूट टेस्ट इन इंजीनियरिंग या नेट का प्रमाण पत्र, अंक पत्र, अंतिम फीस की रसीद और पीएचडी कोर्स वर्क पूरा होने का प्रमाण पत्र लाना होगा।

## THE PIONEER PAGE 3

### LU signs MoU with CSRBOX



PNS ■ LUCKNOW

An MoU was signed between Lucknow University and CSRBOX foundation, the country representatives of IBM skill. Manoviraj Singh of CSRBOX explained the benefits that would be available to the students through this MoU.

"The students will be able to use the digital learning platform developed by IBM skills having more than 5,000 modules. They will be able to explore new employment opportunities and learn new technical skills that will be in demand in the future. The students will get the opportunity to learn three types of skills: essential, professional and job-readiness skills," he said

Director of Central Placement Cell Sanjay Medhavi explained how the management and engineering students are getting excellent placement offers in spite of the slowdown in the industry due to Covid pandemic.

Vice-Chancellor AK Rai explained that majority of the students, in spite of being highly trained in technical skills, do not find good jobs due to lack of soft skills. This MoU will help all students in enhancing their technical and soft skills and make them industry ready, he added.

Two students of MBA 2021 batch were awarded gold medals on the occasion. Himanshu Rao was awarded Shree Anant Pandey Memorial gold medal and Dr Krishn Sahay Chaudhary gold medal for first position in the MBA programme while Shavya Mishra was awarded President Sarvpallai Radhakrishn gold medal for securing the highest marks in the fourth semester of MBA.